years in Padmaja Naidu Himalayan Zoological Park, Darjeeling;

(b) if so, whether any enquiry was ordered to find out the reasons, if so, the details thereof;

(c) what were the findings of the enquiry;

(d) what punitive measures were taken against the persons responsible for such criminal negligence; and

(e) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) Yes, Sir. Padmaja Naidu Himalayan Zoological Park, Darjeeling, has reported the death of 27 animals and birds of rare species over the last 3 years i.e. 1991-92 to 1993-94.

(b) to (e) The causes of deaths of the 27 animals in the Padmaja Naidu Himalayan Zoological Park, Darjeeling, were inquired into by qualified veterinary officers of the Government of West Bengal. The reasons for deaths of these animals included old age, accidents and infectious diseases. Criminal negligence has not been reported as a cause of death and the question of taking punitive measures does not arise.

कर्नाटक में बहुमूल्य पेड़ों की अवैध कटाई

3842. **श्रीमती सरला माहेश्वरी:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कर्नाटक के वन विभाग की लापरवाही के कारण कोडागू में बड़ी संख्या में बहुमूल्य वृक्षों को अवैध रूप से काट गिराया गया है;

(ख) वृक्षों की इस अवैध कटाई में अन्तर्ग्रस्त पाये गये लोगों के नाम क्या क्या हैं और क्या सरकार को इस संबंध में कोई सूचना मिली है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो इस मामले में तथ्यों का पता लगाने के लिए सरकार द्वारा क्या क्या कदम उठाए गए हैं?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) से (घ) कर्नाटक राज्य सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

सिक्किम में आरक्षित वन क्षेत्र में एक होटल का निर्माण

3843. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सिक्किम राज्य के भूतपूर्व वन मंत्री द्वारा आरक्षित वन क्षेत्र में एक बड़े होटल का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उपर्युक्त व्यक्ति के नेतृत्व में कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान में वन का निरंतर विनाश किया जा रहा है; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" में हो, तो इस व्यक्ति के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही न करने के क्या कारण हैं?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) इस मंत्रालय में इस आशय का एक आरोप प्राप्त हुआ है। प्रश्नगत वन भूमि के वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत अंतरण के बारे में इस मंत्रालय को राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इस मामले की संबंधित क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से जांच कराई गई है तथा जांच रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है।

(ख) अभी तक ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

खाड़ी के देशों में भारतीय

3844. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी:** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खाड़ी के देशों में रेस्तराओं और पांच सितारा होटलों में इस समय अवैध रूप से कुल कितने भारतीय कार्यरत हैं;

(ख) क्या ऐसे भारतीयों से काफी पैसा लेकर उन्हें धोखे और अवैध रूप से बड़ी संख्या में खाड़ी के देशों में भेजा जा रहा है और उन देशों में उनकी स्थिति दयनीय है तथा वे असहाय हैं;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने खाड़ी के देशों में इस तरह अवैध रूप से भारतीयों को भेजने की साजिश पर रोक लगाने के लिए खाड़ी के देशों की सरकारों के साथ बातचीत की है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?